# राजस्थान करंट अफेयर्स 2026




**6 March 2026**



Yesterday, Quiz:

# Q. राजस्थान में कहां पर टेराकोटा स्किल सेंटर की स्थापना की जाएगी?

(A) पोकरण
(B) आमेर
(C) सिवाना
(D) इनमें से कोई नही

- जैसलमेर में स्थित पोकरण में टेराकोटा स्किल सेंटर खुलेगा सीमावर्ती क्षेत्रों में कौशल प्रशिक्षण को विशेष रूप से बढ़ावा मिलेगा
- पोकरण टेराकोटा की विशेषता: यह कठोर मिट्टी (Hard clay) से निर्मित अपनी अद्वितीय हल्की गुलाबी आभा (Light pink color), स्थायित्व और जटिल नक्काशी के लिए प्रसिद्ध है।
- यह केंद्र पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक कौशल के साथ जोड़कर स्थानीय कारीगरों को सशक्त बनाएगा

## Yesterday Revision

01. राज्य सरकार ने राजकॉप सिटीजन ऐप' (RajCop Citizen App) आधारित QR कोड स्कैन अभियान शुरू किया है।

02. वर्ष 2024-25 के दौरान मौजूदा कीमतों के आधार पर 2,68,321 रुपए प्रति व्यक्ति कमाई के साथ अलवर प्रदेश में अव्वल स्थान पर बरकरार रहा।

03. जयपुर के राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान HCM-RIPA में 4 मार्च 2026 को 55वां राज्य स्तरीय राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस समारोह आयोजित किया गया

04. उत्तराखंड की तर्ज पर राजस्थान में जैविक खेती बोर्ड बनाया जाएगा

05. जयपुर, कोटा, अजमेर, भीलवाड़ा व जोधपुर शहरों में PPP Mode पर Smart Parking का निर्माण करवाया जायेगा।

1. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:

(A) राजस्थान सरकार द्वारा बजट 2026-27 में थार सांस्कृतिक सर्किट' की घोषणा की गई।

(B) थार सांस्कृतिक सर्किट में शामिल जिले :- जैसलमेर, जोधपुर, बीकानेर, बाड़मेर और जालौर

सही विकल्प चुनिए:

(A) दोनों सत्य हैं (B) केवल A सत्य है

(C) केवल B सत्य है(D) दोनों असत्य हैं

**Important Facts:**

- थार सांस्कृतिक सर्किट
- राजस्थान सरकार द्वारा बजट 2026-27 में
- एक महत्वाकांक्षी पर्यटन परियोजना 'थार सांस्कृतिक सर्किट' की घोषणा की गई।
- शामिल जिले :- जैसलमेर, जोधपुर, बीकानेर, बाड़मेर और जालौर।
- इसका मुख्य उद्देश्य :- पश्चिमी राजस्थान की समृद्ध मरुस्थलीय संस्कृति, लोक कला और परंपराओं को बढ़ावा देना और उन्हें एक सूत्र में पिरोना है

02. निम्न कथनों पर विचार कीजिए—

(1) राजस्थान में जिला स्तर पर रूरल विमेन बीपीओ स्थापित किए जाएंगे

(B) राजीविका के तहत डिजिटल एवं वित्तीय साक्षरता के लिए 'सक्षम सेंटर' भी शुरू किए जाएंगे

सही विकल्प चुनें

(A) कथन 1 और 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) केवल कथन 2 सत्य हैं। (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- राजस्थान में ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को आर्थिक संबल देने एवं रोजगार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध करवाने के लिए 100 करोड़ रुपये का व्यय कर जिला स्तर पर रूरल विमेन बीपीओ स्थापित किए जाएंगे।
- बजटीय घोषणा के तहत राजीविका के तहत संगठित 100 क्लस्टर लेवल फेडरेशन के कार्यालय एवं अन्य उपयोग के लिए भवन उपलब्ध करवाए जाएंगे। साथ ही, इन कार्यालयों में डिजिटल एवं वित्तीय साक्षरता के लिए 'सक्षम सेंटर' भी शुरू किए जाएंगे।
- स्वयं सहायता समूहों द्वारा बनाए गए उत्पादों की बेहतर ब्रांडिंग, डिजाइनिंग एवं पैकेजिंग कर डेयरी, टैक्सटाइल, फुटवियर, मिलेट्स एवं मसाले इत्यादि से संबंधित क्षेत्रों के 50 नवीन एंटरप्राइजेज स्थापित किए जाएंगे।

03 राजस्थान के झालावाड में किस राज्य की प्रियंका राणा को समाज सेवा और महिला सशक्तीकरण क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए राजस्थान गौरव सम्मान पुरस्कार से सम्मानित किया गया?

(A) उतराखंड

(B) हरियाणा

(C) मध्यप्रदेश

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

राजस्थान के झालावाड में समर्थ सेवा संस्थान द्वारा राष्ट्रीय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें उतराखंड ऋषिकेश की प्रियंका राणा को समाज सेवा और महिला सशक्तिकरण क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए राजस्थान गौरव सम्मान पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

इस राष्ट्रस्तरीय सम्मान समारोह में देशभर से चयनित 45 प्रतिभाओं को राजस्थान गौरव सम्मान तथा 25 प्रतिभाओं को सामर्थ्य ग्लोबल एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया।

## 04. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:

(1) राज्य सरकार द्वारा 22 हजार अमृत पोषण वाटिकाओं का निर्माण किया जाएगा

(2) राज्य सरकार द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए भी अर्ली चाइल्डहुड केयर एण्ड एजुकेशन कोर्स करवाया जाएगा

(A) केवल कथन 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) कथन 1 व 2 सत्य हैं. (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- राज्य सरकार द्वारा महिला स्वयं सहायता समूह की आजीविका संवर्द्धन के लिए 11 हजार अमृत पोषण वाटिकाओं का निर्माण किया जाएगा, जिससे आंगनबाड़ी केंद्रों और स्कूलों में मिड-डे-मील के लिए स्थानीय स्तर पर फल, सब्जी भी उपलब्ध हो सकेंगे।
- राज्य सरकार द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए भी अर्ली चाइल्डहुड केयर एण्ड एजुकेशन कोर्स करवाया जाएगा।
- साथ ही, प्रदेश की 1,000 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रतिष्ठित संस्थानों से विशिष्ट प्रशिक्षण दिलवाया जाएगा
- इस वर्ष के बजट में आकांक्षी जिले करौली, धौलपुर, बारां, जैसलमेर एवं सिरोही में संचालित 'किशोरी बालिका योजना' का विस्तार किया गया है।

अब यह योजना राज्य के समस्त 27 आकांक्षी ब्लॉक्स में शुरू की जाएगी, जिससे 50 हजार से अधिक किशोरी बालिकाएं पूरक पोषाहार से लाभान्वित हो सकेंगी।

- राजकीय कार्यालयों में कार्यालय समय में 6 माह से 6 वर्ष के बच्चों की देखभाल के लिए चरणबद्ध रूप से 'मुख्यमंत्री शिशु-वात्सल्य सदन' खोले जाएंगे।

05. जयपुर रीजनल चैप्टर द्वारा स्पोर्ट्स कार्निवल 2026 का 7वां संस्करण कब आयोजित तक किया जाएगा?

(A) 13 से 18 मार्च तक

(B) 9 से 11 मार्च तक

(C) 6 से 8 मार्च तक

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- जयपुर रीजनल चैप्टर द्वारा आयोजित फ्लैगशिप स्पोर्टिंग इवेंट 'स्पोर्ट्स कार्निवल 2026 का सातवां एडिशन 6 से 8 मार्च तक सवाई मान सिंह स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा।
- तीन दिवसीय इस आयोजन में शहर के डिज़ाइनर्स और आर्किटेक्ट्स खेल प्रतियोगिताओं के साथ आपसी मेलजोल और नेटवर्किंग का अवसर प्राप्त करेंगे।
- इस वर्ष आयोजन में पहली बार महिला क्रिकेट और किड्स क्रिकेट प्रतियोगिताएं शामिल की गई हैं,

# Sujas QUIZ

जयपुर, मंगलवार, 03 मार्च, 2026

## सुजस ई प्रश्नोत्तरी-13

1. **आर्थिक** समीक्षा 2025-26 के अनुसार, प्रदेश के सकल राज्य मूल्यवर्धन में कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों का योगदान कितना प्रतिशत है?
(A) 20.50 प्रतिशत
(B) 25.74 प्रतिशत
(C) 30.15 प्रतिशत
(D) 35.10 प्रतिशत

2. **कृषि** एवं संबद्ध क्षेत्रों के कुल सकल राज्य मूल्यवर्धन में आर्थिक समीक्षा 2025-26 के अनुसार केवल 'पशुधन क्षेत्र' का योगदान लगभग कितना प्रतिशत है?
(A) 25.00 प्रतिशत
(B) 35.50 प्रतिशत
(C) 49.35 प्रतिशत
(D) 60.10 प्रतिशत

3. **राज्य** सरकार 'मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना' के तहत देशी पशुधन के बीमे के लिए कितना प्रतिशत प्रीमियम वहन कर रही है?
(A) 50 प्रतिशत
(B) 75 प्रतिशत
(C) 90 प्रतिशत
(D) 100 प्रतिशत

4. **'नमो** ड्रोन दीदी योजना' के तहत राज्य सरकार द्वारा महिला स्वयं सहायता समूहों को कृषि ड्रोन खरीदने के लिए कितना ब्याज अनुदान दिया जा रहा है?
(A) 3 प्रतिशत
(B) 5 प्रतिशत
(C) 7 प्रतिशत
(D) 100 प्रतिशत

5. **विकसित** राजस्थान-2047 विजन के तहत प्रदेश में दुग्ध प्रसंस्करण क्षमता को बढ़ाकर प्रतिदिन कितने लाख लीटर करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है?
(A) 100 लाख लीटर
(B) 150 लाख लीटर
(C) 200 लाख लीटर
(D) 250 लाख लीटर

**Today, Quiz:**

**Q. हाल ही में राजस्थान में 55वां राज्य स्तरीय राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस समारोह कहां आयोजित किया गया?**

(A) जयपुर

(B) जोधपुर

(C) अजमेर

(D) इनमें से कोई नही

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine